## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय रोजगार मेला में 17 आवेदकों का हुआ चयन

**शहडोल।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में कुल 19 आवेदकों ने आवेदन किया जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 17 आवेदकों का चयन किया गया। रोजगार मेला में श्रीराम लाइफ इन्श्योरेन्स लिमिटेड शहडोल, एलआईसी इंडिया लिमिटेड शहडोल, एसआईएस सिक्योरिटी अनूपपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रायवेट लिमिटेड, सांई बाबा सिक्योरिटी शहडोल, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, ग्रोफास्ट एग्रीटेक प्रायवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनिया सम्मिलित हुई।

### 1 अगस्त से लेखा प्रशिक्षण शाला

**शहडोल।** प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया है कि लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 01 अगस्त 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ हो रहा है। आवेदन पत्र 24 जुलाई 2025 तक कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे। अर्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को रूपये 2000 का चालान द्वारा सम्बन्धित शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवायें 800 अन्य प्राप्तियाँ 00-101-0000-00 में जमाकर आवेदन पत्र के साथ कार्यालय लेखा प्रशिक्षण शाला सिल्पी प्लाजा ब्लाक-ए द्वितीय तल रीवा में जमा करना होगा। इस प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी सम्मिलित हो सकेगें, जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या अधिक हो तथा जो म.प्र. शासन वित्त विभाग के नवीन विभागीय परीक्षाओं की व्यवस्था विषयक आदेश कमाक / डीटीए / परीक्षा/2016/56 भोपाल दिनांक 30/05/2016 अनुसार पात्र हों। लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृद्धि के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम/निर्देश मान्य होगें।

### विधायक ने आजीविका भवन का किया लोकार्पण



**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम सीधी में ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह भवन एक नई उम्मीद लेकर आया है। राज्य सरकार की यह पहल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और रोजग़ार के अवसर उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### स्नेहल कंपनी और एमपीयूडीसी के अधिकारियों की खुली लापरवाही उजागर

# सीवर लाइन खुदाई के दौरान दो मजदूरों की दर्दनाक मौत





**शहडोल।** सीवर लाइन खुदाई के दौरान दो मजदूरों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई। स्नेहल कंपनी द्वारा भारी बारिश में सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर कार्य किया जा रहा था। नगर पालिका द्वारा पूर्व में चेतावनी और नोटिस देने के बावजूद निर्माण जारी था। अब पूरा मामला कंपनी और एमपीयूडीसी अधिकारियों की लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं।जिला मुख्यालय के सोहागपुर थाना अंतर्गत कोनी गांव में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया, जब सीवर लाइन खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से दो मजदूर गड्ढे में दब गए। करीब चार घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों के शव बरामद किए जा सके। इस हादसे के पीछे सीधे तौर पर गुजरात की स्नेहल कंपनी और मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अफसरों की लापरवाही उजागर हो रही है। मृतकों की पहचान मुकेश बैगा पिता अकाली बैगा उम्र 40 और महिपाल बैगा पिता अंगनू बैगा उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों पपोल टोला कोटमा गांव के निवासी थे और गुरुवार को पहली बार सीवर प्रोजेक्ट पर काम करने आए थे। ठेका कंपनी के पास मजदूरों की कमी थी, इसलिए इन्हें आपातकालीन रूप से गांव से बुलवाया गया था।

#### रस्सी से निकालने की कोशिश

हादसे के वक्त जब दोनों मजदूर नीचे गिरे, स्थानीय ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर उन्हें निकालने की कोशिश की, लेकिन लगातार मिट्टी धंसने से वे पूरी तरह दब गए। एक मजदूर के शरीर में रस्सी बंधी मिली, लेकिन मिट्टी का दबाव इतना अधिक था कि शरीर को ऊपर नहीं खींचा जा सका। घटना के बाद कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसपी रामजी श्रीवास्तव, एसडीएम अरविंद शाह, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ अक्षत बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी लगभग 02 घंटे देरी से पहुंचे, जबकि ठेका कंपनी



स्नेहल की ओर से कोई वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी घटनास्थल पर नहीं आया।

#### चार साल से जारी लापरवाही

स्नेहल कंपनी को शहडोल में 172 करोड़ रुपये के सीवर प्रोजेक्ट का ठेका मिला था। इसमें 162 करोड़ का डिज़ाइन-बिल्ड और 10 करोड़ रुपये मेंटेनेंस के लिए तय किए गए थे। काम की शुरुआत 14 दिसंबर 2021 को हुई थी और इसे 13 दिसंबर 2023 तक पूरा करना था। लेकिन समय पर काम न होने के कारण पहले दिसंबर 2024 और फिर 30 जून 2025 तक दो



बार एक्सटेंशन दिया गया। इसके बावजूद भी कंपनी कार्य पूरा नहीं कर पाई और अब भारी बारिश के बीच सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर खुदाई कर रही थी, जिससे यह हादसा हुआ।

#### नगर पालिका ने दी थी चेतावनी

नगर पालिका शहडोल ने 25 जून को स्नेहल कंपनी को सडक़ रिस्टोरेशन और सुरक्षा इंतजामों को लेकर लिखित पत्र दिया था। इसके पहले भी कंपनी को सुरक्षा के अभाव में नोटिस थमाया जा चुका था। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी नगर पालिका द्वारा राज्य शासन को भी भेजी गई थी, बावजूद इसके कंपनी मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कर रही थी।


#### एमपीयूडीसी की भूमिका भी संदिग्ध

घटना ने एमपीयूडीसी के अफसरों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कंपनी को भारी बारिश के दौरान खुदाई से नहीं रोका गया, न ही साइट पर कोई सुरक्षा मानक या निगरानी अधिकारी तैनात था। यह दर्शाता है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी ने भी इस हादसे को जन्म दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी तरह नगर पालिका और जिला प्रशासन की देखरेख में संपन्न हुआ। जेसीबी से सतर्कता पूर्वक मिट्टी हटाकर दोनों शवों को निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

#### जांच के आदेश, कार्रवाई की मांग

अब सवाल उठता है कि जब नगर पालिका द्वारा पूर्व में चेतावनी दी गई थी, तो स्नेहल कंपनी को क्यों नहीं रोका गया? स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस हादसे के लिए स्नेहल कंपनी और एमपीयूडीसी के अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## कुएं मे गिरकर मादा तेंदुए की मौत



**उमरिया।** उप संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ने बताया कि एक वन्यजीव तेन्दुआ (मादा) की मृत्यु की घटना जिसका स्थल वन परिक्षेत्र मानपुर (बफर) की बीट समरकोइनी के कक्ष क्रमांक पी.एफ.-366 से लगे राजस्व क्षेत्र ग्राम मरईखुर्द यादव मोहल्ला के कुएं में गिरकर डूबने का प्रकाश में आई है, जिस पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आसपास छीनबीन की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राजेश तोमर वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी बाँ.टा.रि. उमरिया एवं डॉ. विपिनचन्द्र आदर्श पशु चिकित्सा अधिकारी मानपुर के द्वारा किया गया है। वन्यजीव तेन्दुआ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये है। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह भस्मीकरण की कार्यवाही वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया डॉ. अनुपम सहांय, उपवनमण्डलाधिकारी मानपुर बी.एस. उप्पल, वन परिक्षेत्राधिकारी मानपुर एम. के. अहिरवार, तहसीलदार मानपुर पंकज तिवारी, एन.टी.सी.ए. प्रतिनिधि डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रजापति, स्थानीय पंचों व अन्य की उपस्थिति में की गई। समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियाग्राफी की गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** 19 जून को फरियादिया द्वारा जिले के बुढार थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी कि अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना में शामिल आरोपी बिरजू उर्फ बादल दाहिया पिता झल्ला दाहिया उम्र 20 वर्ष निवासी हाथीडोल को 16 जुलाई को ब्यौहारी से गिरफ्तार कर उक्त मामले में आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म की धारा इजाफा कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## परिवहन कार्यालय में चरम पर भ्रष्टाचार, दलालों के कब्जे में व्यवस्था




**शहडोल।** जिले का परिवहन विभाग इन दिनों खुलेआम भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का केंद्र बना हुआ है। कार्यालय में ऐसा कोई काम नहीं है, जो बिना पैसे के हो जाए। फिटनेस, परमिट, ट्रांसफर और रजिस्ट्रेशन जैसे कार्यों के लिए दलालों और बाबुओं की मिलीभगत से तय रेट चल रहे हैं, और आम वाहन मालिकों को मजबूरी में इनकी जेबें भरनी पड़ रही हैं।

कार्यालय में स्थायी दलालों का खुला बोलबाला है। ये दलाल खुलेआम परिसर में घूमते हैं और वाहन मालिकों से संपर्क कर 'काम कराने' की गारंटी लेते हैं। अंदर बैठे बाबू हर फाइल तभी आगे बढ़ाते हैं जब जेब गर्म हो। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि इस पूरी व्यवस्था से वे अनजान नहीं हो सकते।

#### नियमों की उड़ रही धज्जियां

शहडोल की सडक़ों पर बिना परमिट, अनफिट और टूरिस्ट परमिट पर चल रही सवारी गाडिय़ाँ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती हैं। डग्गामार वाहनों की भरमार है और कहीं कोई जांच नहीं हो रही। टूरिस्ट परमिट वाली गाडिय़ाँ भी धड़ल्ले से सवारियों को ढो रही हैं, लेकिन विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

जान जोखिम में डाल रही हैं यात्री बसे

कई सवारी बसें तकनीकी रूप से फिट नहीं हैं, लेकिन इन्हें फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर सडक़ों पर उतार दिया गया है। यात्री बसों में भारी माल लादा जा रहा है, जिससे संतुलन बिगडऩे की आशंका बनी रहती है। इससे किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता, फिर भी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। शासन भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की बात करता है, मगर शहडोल का परिवहन कार्यालय उसका उल्टा चेहरा दिखा रहा है। ट्रांसपोर्ट यूनियन और समाजसेवियों ने इस पूरे भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जांच की मांग की है और दोषियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है।

### 7.3 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**अमलाई।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत थाना चचाई पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उड़ीसा निवासी एक युवक को 7 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 1,29,850 आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशानुसार जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुन्दरेश सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

#### घटना का खुलासा ऐसे हुआ

16 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति अमलाई से संजय नगर की ओर अवैध गांजा लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर संजय नगर मार्ग पर एक युवक को रोका, जो पीठू बैग और कैरी बैग लिए हुए था। पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम धनामाली कन्हार पिता दामा कन्हार, उम्र 24 वर्ष, निवासी पालची, थाना बोचापाडा, जिला कंधामाल (उड़ीसा) बताया। बैग की तलाशी लेने पर 5 पैकेट गांजा मिला, जिसका कुल वजन 7.3 किलोग्राम था। साथ ही आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड और 150 नगद जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर 17 जुलाई को न्यायालय में पेश किया गया।

## नशा छोडने से शारीरिक, मानसिक और सामजिक होते हैं लाभ

### लोगो को नशे के दुष्यपरिणामो के प्रति किया गया जागरूक

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस विभाग के मैदानी अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा युवाओ, विद्यार्थियो, लोगो को नशे के दुष्यप्रभावो के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत थाना अमलाई, पपौंध खैरहा आदि थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस अधिकारियो द्वारा लोगो को नशे के दुष्यपरिणामो के बारे में जागरूक किया गया। लोगो को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स लगाकर एवं पम्पलेट वितरण कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, सभी थाना क्षेत्रों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर आम



नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, युवाओं को नशीली वस्तुओं के सेवन से रोकना के लिये प्रेरित किया गया, समाज के विभिन्न वर्गों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। नशा छोडने से शारीरिक, मानसिक और सामजिक लाभ होते है। नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना नितांत आवश्यक है। नशा मुक्ति समाज बनाने के लिए हम सब को मिलकर कार्य करना होगा, नशा से होने वाले दुष्यप्रभावो के बारे में स्वय जागरूक रहे और दूसरो को भी जागरूक करें। नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश भर में नशे से दूरी है जरूरी नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उददेश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव के प्रति जन सामान्य को सचेत करना एवं विशेषकर युवाओ को नशा उन्मूलन के लिए प्रेरित करना है।

## लूट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में बाइक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को अनूपपुर जिले की बिजुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने सिंहपुर में वारदात के बाद बिजुरी थाना क्षेत्र में एक और लूट और चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया, लेकिन समय रहते सक्रिय हुई पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, सिंहपुर थाना क्षेत्र के बमुरा तिराहा के पास संजय कोल पिता बंशी कोल (27) नामक युवक से तीन बदमाशों ने बाइक लूट ली थी। पीड़ित ने बताया कि वह शहडोल से अपने गांव सामतपुर लौट रहा था, तभी रात में बमुरा तिराहा के पास तीन लोग सडक़ पर खड़े नजर आए। रास्ता रुका हुआ देख संजय ने बाइक रोकी, उसी दौरान आरोपियों ने उसे धमकाकर बाइक छीन ली और फरार हो गए।

बाइक लूट के बाद आरोपी अनूपपुर जिले के बिजुरी पहुंचे, जहां उन्होंने सडक़ पर पैदल चल रहे एक युवक को चाकू दिखाकर लूट की दूसरी घटना को अंजाम दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए बिजुरी पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्होंने पहले सिंहपुर में बाइक लूट की और फिर बिजुरी में लूटपाट और चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी जिस बाइक पर सवार थे, वह पीड़ित संजय कोल की ही थी, जिसे उन्होंने सिंहपुर से लूटा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ लूट और हमले का मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही शहडोल जिले के सिंहपुर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक ने किया ब्यौहारी थाना का निरीक्षण



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने थाना ब्यौहारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, सी.सी.टी.वी, संधारित विभिन्न रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्रियो का निरीक्षण कर थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय से जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ को निर्देश दिए कि थाना में आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, फरियादी की समस्याओ को सहजता के साथ सुने तथा त्वरित निराकरण करें तथा थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारियों को निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को नियमित रूप से चेक करने की हिदायत दी। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी से चर्चा कर थाना प्रभारियों को बेहतर व सुदृढ़ पुलिसिंग तथा आमजन के लिए पुलिस की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्य निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### युवा संगम रोजगार मेला आज

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 18 जुलाई को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया है। मेले में निप्पोन मल्टीसर्विस हिरिंग, सागर मेन्युफेक्चेरिंग कंपनी, मोबाइल पे, भीलवाड़ा टेक्साटाईल कंपनी, वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक सतना, एस आई एस आई सुरक्षा गार्ड, एलआईसी उमरिया, रिलायंस निप्पोन तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी शामिल होगे। आवेदक अपने साथ पासपोर्ट साइज की फोटो साथ मे समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति लेकर रोजगार मेला मे उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिए 7869880800 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में बीते 24 घंटे में 44.7 मिमी वर्षा दर्ज

**उमरिया।** अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 44.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ में 31.2 मिमी, मानपुर में 62.4 मिमी, पाली में 48.6 मिमी, नौरोजाबाद में 42.6 मिमी, चंदिया में 31.2, करकेली में 44.8 मिमी तथा बिलासपुर में 52.4 मिमी वर्षा शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर आज दिनांक तक 651.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ मे 609.5 मिमी, मानपुर में 658.8 मिमी, पाली मे 588.1 मिमी, नौरोजाबाद में 559.8 मिमी, चंदिया में 770.3, करकेली में 586.8 मिमी, बिलासपुर में 783 मिमी वर्षा शामिल है । जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक 151.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जिसमें बांधवगढ मे 218.7 मिमी, मानपुर में 174.8 मिमी, पाली मे 136.8 मिमी, नौरोजाबाद में 153.7 मिमी, चंदिया में 149.6, करकेली में 122.4 मिमी, बिलासपुर में 114.6 मिमी वर्षा शामिल है

### विवादित अंग्रेजी शराब दुकान के पास फिर विवाद

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास आए दिन विवाद होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। नये मामले में शराब दुकान के सामने अंडे का ठेला लगाने वाले सुनील साहू पिता नारायण साहू वार्ड 8 के साथ प्रकाश गुप्ता एवं गगन गुप्ता के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि प्रकाश गुप्ता एवं उसका भाई गगन गुप्ता के द्वारा घर के सामने ठेला लगाने को लेकर रंजिश रखता है। विवाद के बाद भारी भीड़ एकत्र हो गई। विदित रहे कि नगर के मध्य में आबादी बाहुल्य क्षेत्र में शराब दुकान होने के कारण आए दिन विवाद होता है। जिसको लेकर लगातार महिलाएं एवं राहगीर परेशान होते रहते है।

### बांधवगढ़ के बूथ लेबल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

# बीएलओ प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का अक्षरशः करें पालनः जिला निर्वाचन अधिकारी





**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया में बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र 89 के बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ । प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि वे निर्वाचक नामावाली का अध्ययन करें और उक्त भाग के क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें तथा स्थानीय लोगों, विशेष रूप से बुजुर्गो और स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत करे। निर्वाचक नामावली मे मृत,निवास स्थान बदल चुके,डुप्लीकेट निर्वाचकों के नाम की पहचान करें, जिन्हें ई आर ओ व्दारा हटाया जाना आवश्यक है। आवेदकों से ईआरओ, एईआरओ की ओर से फार्म 6,7 एवं 8 मे दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे । उन्होने कहा कि बीएलओ दावे और आपत्तियों के संबंध में फील्ड सत्यापन करें और क्षेत्र के दौरे के बाद ईआरओ को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बीएलए के साथ समन्वय स्थापित करें तथा एक समय में बीएलए से 10 फार्म प्राप्त करें।

उन्होने कहा कि जब मतदाता सूची पुनरीक्षित रहेगी तभी शत प्रतिशत मतदान हो सकेगा । इसके साथ ही बीएलए से एक समय में कितने फार्म लेने है, की भी जानकारी दी । उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाईयों को भी यहीं दूर करें , मन में किसी भी प्रकार का संशय नही रखें । प्रशिक्षण उपरांत प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कायक्रम में मास्टर ट्रेनर राज कुमार महोबिया व्दारा कठपुतली के माध्यम से नाम जोडऩे के लिए उपयोग आने वाले फार्म, नाम काटने के लिए उपयोग होने वाले फार्म, संशोधन तथा स्थानांतरण के लिए उपयोग होने वाले फार्म के बारे मे बताया।जिसकी सभी ने सराहना की।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर धनेन्द्र तिवारी, शिवकुमार हल्दकार, एस के गौतम, अमित यादव, अरविंद त्रिपाठी, अतुल अहिरवार, मनोज व्दिवेदी, गरिमा शर्मा, प्रदीप सिंह गहलोत, मानेन्द्र सिंह, विनोद मिश्रा, दादूराम सेन, नागेंद्र सिंह,सिंह, प्रभात रंजन वर्मा, डा. पिंकी सोमकुंवर, राज कुमार महोबिया, मोहम्मद अजीज, अजय चौरसिया, प्रदीप त्रिपाठी, संजीव अग्रवाल ने पहचान पत्र के फार्मेट, बीएलओ की जिम्मेदारियां, बीएलओ की भूमिका और कर्तव्य, टेलीफोन प्रोटोकॉल,सामान्य अनुदेश, फार्म 6,7 एवं 8 को भरने के लिए दिशा निर्देश सहित अन्य जानकारी विस्तृत रूप से प्रदाय की गई ।

इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, तहसीलदार अभ्यानंद शर्मा, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संजय पांडेय , निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे ।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या ने किया पदभार ग्रहण



**उमरिया।** जिले के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सीताराम सत्या ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपने कार्यालय का निरीक्षण किया और स्टाफ से मुलाकात की है। गौरतलब है कि बीते दिनों उमरिया जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे प्रतिपाल सिंह महोबिया का स्थानांतरण झाबुआ कर दिया गया था और उनकी जगह एडिशनल एसपी सीताराम सत्या को टीकमगढ़ जिले से उमरिया जिले के लिए स्थानांतरित किया गया था। जिसके बाद गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और कानून का अक्षरशः पालन करने पर जोर दिया जाएगा।

### सास ने दामाद के खिलाफ थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत सारंगढ़ में रहने वाली 50 वर्षीय महिला शांति बाई को उसी के दामाद शंभू दास के द्वारा विवाद करते हुए गाली गलौज एवं धमकी देने का मामला सामने आया है। गाली गलौज से प्रताड़ित होकर सास के द्वारा दामाद के खिलाफ थाने में सूचना दर्ज कराई गई है ।उक्त घटना को लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पौधरोपण कर वसुंधरा की धरा को बनाए हरा भरा: विवेक

### प्रकृति की गोद भरने जनअभियान परिषद ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के आहवान पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ऐंताझर द्वारा गुरुवार 17जुलाई को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे एवं विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल, सरपंच मैकू बैगा की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में शासन के प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागी बनने के साथ नवांकुर सखी योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में जिला समन्वयक विवेक पांडे ने नवांकुर सखी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए होने वाले कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर कार्ययोजना पर चर्चा की। वहीं विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के आगामी कार्यक्रमों एवं समिति का खाता संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए सदस्यों से चर्चा की। बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष मंजुला द्विवेदी एवं सचिव अनुभव शर्मा के द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है, अतः एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण किया जाए। जिस पर सभी लोगों ने सहमति प्रदान करते हुए हनुमान मंदिर परिसर पहुंचकर विभिन्न प्रजातियों के फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में स्थानीय आम जनमानस एवं छात्रों ने बढ़-चढक़र सहभागिता निभाते हुए पौधों का रोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिए। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वय विवेक पांडे ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान अब जनअभियान के रूप में चलाया जा रहा है।ग्राम पंचायत ऐंताझर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति की गोद को भरने के लिए पौधरोपण का कार्य सराहनीय है। श्री पांडेय ने आम नागरिकों से आव्हान किया कि वसुंधरा को हरा भरा बनाने के लिए पौधों का रोपण कर संरक्षण का भी संकल्प ले।

इस अवसर पर सरपंच मैकू बैगा,खंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल,माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सीएस पट्टावी, उपसरपंच गायत्री शर्मा,सुभाष द्विवेदी, पटवारी आरती गुप्ता,राजेंद्र साहू, ज्ञानेंद्र साहू,अनुभव शर्मा, लखन बैगा,दुर्गा कोल, सोनू गुप्ता,नैना बैगा सहित छात्र-छात्राओं ने भी पौधरोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम के पूर्व सभी लोगों ने हनुमान मंदिर में हनुमानजी की पूजा अर्चना की गई। पौधों का रोपण कर सभी ने उनकी नियमित देखरेख का संकल्प भी लिया।

# नशा नही करने के लिए किया जा रहा प्रेरित



**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी नशामुक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत इंदवार थाना अमरपुर चौकी अन्तर्गत ग्राम चिल्हारी में अमरपुर चौकी प्रभारी शिवनाथ प्रजापति एवं निरीक्षक कस्तुरिया उइके थाना प्रभारी अजाक उमरिया द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस व प्रशासन के साथ ही स्कूल, कॉलेज, पंचायत, नगरीय निकाय, सामाजिक संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, मीडिया और आमजन भी सहभागी बनकर नशे के प्रति जागरूकता प्रसारित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। अमरपुर चौकी प्रभारी श्री शिवनाथ प्रजापति ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जो युवाओं, परिवार और समाज की जड़ों को खोखला बना रही है। नशे की जद में आकर कई परिवार उजड़ जाते हैं। नशा नाश की जड़ है, जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है।अभियान के माध्यम से गाँव गाँव जाकर युवाओं ,बच्चो सहित सभी को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। नशा करने से होने वाले शारीरिक मानसिक आर्थिक सामाजिक नुकसान के बारे में बताया जा रहा है। चौकी प्रभारी शिवनाथ प्रजापति एवं निरीक्षक कस्तुरिया उइके थाना प्रभारी अजाक उमरिया द्वारा चिल्हारी ग्राम पंचायत,हायर सेकंडरी स्कूल में जन जागरूकता अभियान चलाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया और नशा से होने वाले दुष्परिणाम बताया गया। थाना प्रभारी अजाक कस्तुरिया उइके द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर हायर सेकंडरी स्कूल चिल्हारी के छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए नशा ना करने की सलाह दी गई और कहा कि नशा आपकी जिंदगी को बर्बाद कर सकता है। यह आपके स्वास्थ्य, रिश्तों और भविष्य को नुकसान पहुंचा सकता है। अमरपुर चौकी प्रभारी शिवनाथ प्रजापति ने संवाद कर मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी साथ ही नशा ना करने की सलाह दी गई और ऐसा कोई व्यक्ति नशा की गिरफ्त में हैं तो उन्हें समझाए और नशा ना करने की सलाह दे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री अरूण द्विवेदी,प्रधान आरक्षक रामशरण अहिरवार, राजर्षि मिश्रा सहित भारी संख्या पर छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अंतर्गत लैंगिक संवेदीकरण कार्यशाला संपन्न




**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि बिरसिंहपुर पाली में मिशन शक्ति के अंतर्गत लैंगिक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल करते हुए आयोजित किया गया।कार्यशाला के दौरान लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, लैंगिक समानता, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं जैसे वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतिशोष) अधिनियम 2013, तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम ( पॉस्को) इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया का इस्तेमाल एवं पाक्सो एक्ट के बारे मे जानकारी दी गई। बालिकाओ को शिक्षा के महत्व के बारे मे भी बताया गया । कार्यक्रम मे स्कूली छात्र छात्राएं, मोनिका सिंहा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास,स्टाफ दिव्या तिवारी, रेखा झरिया केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर, सरिता गुप्ता एकलव्य स्कूल शिक्षक उपस्थित रहे।

### न्यू एनसी पहाड़ी मौहार टोला चचाई में नवदिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** राम जानकी मंदिर में श्रवण माह के पावन उपलक्ष्य में नव दिवसीय श्री राम कथा एवं रुद्राभिषेक का आयोजन कलश यात्रा 10 जुलाई 2025 गुरुवार राम जानकी मंदिर से शारदा मंदिर तक किया गया। कथा एवं रुद्राभिषेक का शुभारंभ 11 जुलाई 2025 शुक्रवार, हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा 20 जुलाई दिन रविवार, को होगा रुद्राभिषेक प्रातः 8:00 बजे से 12:00 बजे तक जबकि, कथा का समय दोपहर 3:00 से हरि इच्छा तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय कथा वाचिका साध्वी देवी पं सोनामिका शास्त्री प्रयागराज द्वारा किया जा रहा है इस आयोजन के संरक्षक एवं व्यवस्थापक नीरज शुक्ला शास्त्री प्रयागराज है इस आयोजन में बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी चचाई केल्हौरी एवं समस्त क्षेत्रवासी भक्तजन की भारी भीड़ उमड़ रही है। व्यवस्थापक श्री हनुमान जी महाराज समस्त नगरवासियों एवं ग्राम वासियों से अनुरोध है की श्री राम मंदिर पहुंचकर श्री राम कथा, हवन एवं भंडारे में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

### विद्युत मीटर को तोड़फोड़ कर पहुंचा रहे नुकसान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा इन दिनों घर के बाहर लगे विद्युत मीटर को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा जाने का मामला सामने आया है। तिहारु पनिका वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा के द्वारा थाना कोतमा में शिकायत देते हुए बताया गया कि घर के बाहर लगे विद्युत मीटर को किसी सिरफिरे तत्व के द्वारा तोड़फोड़ कर दिया गया। उक्त घटना से जहां एक ओर मीटर टूट गया वहीं दूसरी ओर घर की बिजली भी ठप्प हो गई। सूचना थाना कोतमा एवं विद्युत मंडल कार्यालय में दी गई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा आकर लाइन चालू की गई।

#### इनका कहना है

विद्युत मीटर पर तोड़फोड़ की जानकारी आई है। पता जुटाते हुए कार्रवाई कराई जाएगी।

**राहुल श्रीवास्तव, सहायक अभियंता विद्युत विभाग कोतमा**

# मालवाहक वाहनों में ढो रहे सवारियां

### ग्रामीण क्षेत्रों मे चलन ज्यादा, रुपए के लालच में ले रहे जोखिम



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाते हुए शहर से लेकर गांव तक चौपाल के माध्यम से आमजन को जागरूकता का संदेश दे रहे हैं कि मालयान वाहनों पर बैठकर सवारी न करें इसके कारण आए दुर्घटनाएं घटित हो रही है लेकिन इसके बावजूद भी लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं और ऐसे मालवाहक वाहनों मे बैठकर सफर करते आये दिन नगर की सड़कों पर नजारा देखने को मिल रहा है। माल वाहक वाहनों पर वाहन चालक के द्वारा बैठ कर सवारी ढोई जाती है। कोतमा नगर एवं कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे मालवाहक वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। जिसके कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। बावजूद इसके मालवाहक वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पूर्व में करीब दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की मौत भी हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का कार्य रोजाना किया जा रहा है।

मालवाहक वाहनों में ढो रहे सवारियां जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन कम होने के कारण मालवाहक वाहनों से सवारियां ढोने का कार्य किया जाता है। वर्तमान समय मे खेती किसानी का कार्य किया जा रहा है जिसके कारण मालवाहक वाहनों मे ही मजदूरों को लाने ले जाने का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को काम पर लाने ले जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ले जाया जाता है। ऐसे में कभी भी घटना हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। बावजूद ऐसे मालवाहक वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पूर्व में नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में बारात ढोई जा रही थी जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं ।

#### कृषि कार्यों के नाम पर क्रय वाहनों का होता दुरूपयोग

कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाडिय़ों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। शादी, पिकनिक व अन्य कामकाज में वाहन का उपयोग किया जाता है। ज्ञात हो परिवहन विभाग के कर्मचारी ऐसे वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग नहीं करते है। मालवाहक मालिक और चालक रुपए के लालच में ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर कार्यवाही नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार सड़क हादसे होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है।

#### प्रतिदिन हो रही वाहन चेकिंग

पुलिस एवं यातायात विभाग के द्वारा आये दिन वाहनों की सघन जांच की जा रही है लेकिन क्या ऐसे वाहन पुलिस एवं यातायात विभाग को नहीं नजर आ रहे हैं जो प्रतिदिन पिकअप वाहन एवं मालवाहक वाहनो तथा आटो में खुलेआम सवारियों को बैठाकर राष्ट्रीय राजमार्गो एवं नगर के मुख्य मार्ग में आना-जाना कर रहे हैं। जिले में जब कोई ऐसी घटना घटित हो जाएगी तब प्रशासन का वाहन चेकिंग अभियान चलेगा और एक-दो दिन तक अभियान के साथ कार्यवाही भी की जाएगी और उसके बाद फिर से वही पुराना राग शुरू हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### पिछले साल से 192.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई तक कुल 547.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 705.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 186.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 192.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 526.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 680.6 मिमी, बड़वारा तहसील में 456 मिमी, बरही तहसील में 421 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 555.1 मिमी, बहोरीबंद तहसील में कुल 527.7 मिमी एवं स्लीमनाबाद तहसील में 705.8 मिमी तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 502.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिलेगा पुरस्कार

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिये आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। यह पुरस्कार प्रति वर्ष बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक) जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिये पात्र है। नामांकन /आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेगें। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### 'लोगो' तैयार करने के लिये पुरस्कार योजना

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) ने क्रिएटिव इनिशिएटिव का शुभारंभ करते हुए एक शानदार 'लोगो' डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह पहल MyGov पोर्टल के माध्यम से जन-भागीदारी को प्रेरित करने और कंपनी की शहरी सुधार योजनाओं, शहरों में सीवरेज, जलापूर्ति और अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूकता व पहचान को बढ़ावा देने के लिये की गई है।

### जन अभियान परिषद के कंप्यूटर ऑपरेटर का निधन



**शहडोल।** संभाग के अनूपपुर जिले के जन अभियान परिषद में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर बृजेन्द्र मिश्रा उम्र 42 वर्ष के आकस्मिक निधन की खबर ने जिले सहित आस-पास के क्षेत्रों को स्तब्ध कर दिया है। मिश्रा प्रतिदिन शहडोल स्थित अपने निवास से अनूपपुर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय जाया करते थे। सोमवार देर रात करीब तीन बजे उन्होंने अपने निवास पांडवनगर में आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि घटना से कुछ घंटे पहले तक बृजेन्द्र सामान्य थे और किसी प्रकार का तनाव नजर नहीं आ रहा था। इस घटना से उनके परिजन और परिचित गहरे आघात में हैं। बृजेन्द्र मिश्रा के आकस्मिक निधन की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे अनूपपुर जिले में फैल गई, जिसके बाद कोतमा, पुष्पराजगढ़, जैतहरी व अनूपपुर से बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतकों, विभागीय सहयोगियों और मित्रों ने गहरा शोक जताया। शोक संदेशों के साथ ही कई लोगों ने इस आत्महत्या को लेकर संदेह भी जाहिर किया है। उनका कहना है कि मिश्रा जैसे शांत स्वभाव के, नियमित और कर्मठ व्यक्ति का इस तरह का कदम उठाना गंभीर जांच का विषय है। लोगों ने मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच हो और अगर किसी भी प्रकार की प्रताडन्ना या दबाव के कारण यह दुखद घटना घटी है, तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# 7 किलो गांजा के साथ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान चला कर अधिक से अधिक कार्यवाही करें**

हरिभूमि न्यूज चचाई।



उक्त आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में थाना प्रभारी चचाई के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर 16 जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। एक व्यक्ति एक पिट्ठू बैग, और एक कैरी बैग जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है अमलाई तरफ से संजय नगर तरफ जाने वाला है। सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम द्वारा रेड कार्रवाई की गई तो एक व्यक्ति जो एक पिट्ठू बैग एवं एक कैरी बैग लेकर संजय नगर की तरफ जाते दिखा जिसे घेराबंदी कर दस्तयाब किया गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम धनामाली कन्हार पिता दामा कन्हार उम्र 24 साल निवासी पालची पोस्ट कत्रिगिया थाना बोचापाडा जिला कंधामाल उड़ीसा का होना बताया जिसके कैरी बैग की तलाशी ली गई तो उसमें पांच पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा का पाया गया। तौल करने पर कुल 7 किलो 300 ग्राम गांजा पाया गया तथा दो एटीएम कार्ड, दो नग मोबाइल, नगदी 150 रुपए कुल कीमत 1,29, 850 रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। उक्त आरोपी को 17 जुलाई को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई निरीक्षक सुन्द्रेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति, लालमणि चौधरी, प्र.आर. सुखसेन, विकास दहाय, आरक्षक नितेश साहू, राकेश द्विवेदी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जितेन्द्र सिंह की पहल रंग लाई

# महिला बाल विकास विभाग ने जारी किए नियुक्ति आदेश

शहडोल।

प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। जनवरी 2025 में एमपीपीएससी द्वारा चयनित महिला एवं बाल विकास अधिकारी पद के अभ्यर्थियों को छह महीने के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 17 जुलाई 2025 को नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय से चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिवारों में खुशी की लहर है। इस सफलता के पीछे समाजसेवी जितेन्द्र सिंह की सतत जनहितकारी पहल को अहम माना जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को बार-बार शासन के सामने उठाया, ज्ञापन सौंपे, और सरकार से नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग की थी। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह सिर्फ नियुक्ति नहीं, बल्कि युवाओं की मेहनत और सरकार की संवेदनशीलता का सम्मान है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री निर्मला भूरिया सहित संबंधित अधिकारियों को बधाई दी। जारी आदेश के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को सहायक संचालक पद पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया गया है। चयनित नामों में दीपशिखा सिंह, मंजू पटेल, काजल गुप्ता, बबीता राठौर, रेखा पटेल आदि शामिल हैं। यह निर्णय ना केवल प्रशासन की पारदर्शिता को दर्शाता है, बल्कि यह उदाहरण है कि जनहित में उठी सच्ची आवाज कितना परिवर्तन ला सकती है।



### नशीली दवाओं के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना अंतर्गत 16 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राहुल रमानी नाम का व्यक्ति, सिलपरी ग्राउण्ड में अपनी मोटर सायकल में अवैध नशीली दवाई कोरेक्स बिक्री करने के लिए रखे है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम गठित कर सिलपरी ग्राउण्ड धनपुरी में घेराबन्दी कर दबिश दी गई है, जो आरोपी राहुल रमानी पिता पुरूषोत्तम दास रमानी उम्र 24 साल निवासी हाल सूर्या मॉल के सामने ओपीएम अमलाई का दस्तयाब हुआ। तलाशी लेने पर झोला में 14 नग कोडीन युक्त नशीली दवाई कफ सिरफ कीमती 2,800 रूपये की बरामद हुई। आरोपी से पूछताछ में उसके द्वारा उक्त नशीली दवाई कोरेक्स को मुकेश सिंह से बिक्री करने के लिए खरीदकर लाना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी मुकेश सिंह की पता तलाश कर उसे ओपीएम अमलाई में श्रीवास्तव तिराहा से दस्तयाब किया गया। आरोपी राहुल रमानी के कब्जे से 14 नग कोरेक्स कफ सिरप, 01 नग मोबाइल एवं 01 नग मोटर सायकल एवं आरोपी मुकेश के कब्जे से एक मोबाइल जप्त कर दोनो आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं म.प्र. ड्रग

# कलेक्टर ने विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में संचालित विभिन्न शासकीय विभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भू-अभिलेख, उद्यानिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, लोक सेवा केंद्र, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, सांख्यिकी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, आबकारी विभाग, एनआईसी कक्ष और आवक-जावक शाखा सहित अन्य विभागों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग की उपस्थिति, कार्यालयीन व्यवस्था, नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भू-अभिलेख शाखा का निरीक्षण करते हुए कार्यप्रणाली की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे गए पंजी एवं अभिलेखों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख को सभी दस्तावेजों का विधिवत संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिलेखों की सुव्यवस्थित फाइलिंग और समय-समय पर अद्यतन किया जाना आवश्यक है, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि नक्शा, खसरा, बी-1 जैसे दस्तावेजों की जानकारी आमजन को सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने को कहा गया।



### डाकघर में 30 रुपये में मिल रहा गंगाजल

**कटनी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह की शुरुआत के अवसर पर कटनी प्रधान डाकघर में विशेष गंगाजल काउंटर का शुभारंभ प्रवर अधीक्षक डाकघर जबलपुर संभाग आशीष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, पोस्टमास्टर गगन मुड़ोतिया के द्वारा किया गया । मार्केटिंग प्रभारी,अंकित बिलैया, ने बताया कि इस काउंटर के माध्यम से पवित्र सावन माह में श्रद्धालु आसानी से विशेष काउंटर से गंगाजल प्राप्त कर सकेंगे ।

# ग्राम पंचायत कचनारी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज होगा

हरिभूमि न्यूज कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में गुरुवार 17 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# छात्राएं मन लगाकर करें पढ़ाई, उज्ववल भविष्य के लिए सरकार कर रही प्रयास

हरिभूमि न्यूज स्लीमनाबाद

छात्राएं मन लगाकर पढ़ें, सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उनके भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की हैं। गरीब विद्यार्थी भी अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकता है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने तक की सुविधा सरकार दे रही है। हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हजारों मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर साल लैपटॉप तो स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन दे रही है। हर साल मुफ्त साइकिलें, मुफ्त गणवेश व कॉपी किताब दे रही है।




उक्त बातें विधायक प्रणय पांडेय ने कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम में कही। विधायक ने छात्राओं को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रणय पांडेय ने छात्रावास को तीन लाख रूपये की विधायक निधि से विभिन्न सामग्रियां भेंट की जिसमें चार जम्बो कूलर, डबल डोर फ्रिज, दो वाटर कूलर, दो गीजर, स्पोर्ट्स किट के साथ गणवेश, पुस्तको सहित विभिन्न सामग्रियां वितरित की। विधायक की शिक्षा के प्रति यह अनुकरणीय पहल देख उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों ने विधायक की सराहना कर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत मै एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधेरोपण किया गया।

इस दौरान एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी,रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी,रवि दुबे भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, राहुल सिंह ठाकुर, सुनील गुप्ता, डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी, एपीसी प्रतिभा गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा,थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट विद्यालय में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शैक्षणिक गतिविधि के अलावा स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास शारीरिक क्रियाकलाप द्वारा किया गया। जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षा अनुदेशक प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह, सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी रमसा प्रभारी अभय जैन के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में दिया गया। मास्टर ट्रेनर शेखर पाठक, अमर सिंह लोधी और जबलपुर से आए सारिका सिंह व सुधीर अवधिया ने शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक शिक्षा के साथ खेलकूद विधाओं से बच्चों को जोड़ने प्रशिक्षित किया।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम

# दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशा से दूर करने किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज कटनी

जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष जन-जागरूकता अभियान "नशे से दूरी है जरूरी" के तहत कटनी जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में आज नशा मुक्ति से संबंधित विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज की स्थापना की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

जिले भर में आयोजित प्रमुख कार्यक्रम-थाना रीठी अंतर्गत महावीर चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, रीठी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए तथा उन्हें नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई।



चौकी निवार प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा मौर्य द्वारा शा. उ. मा. शाला, पहाड़ी निवार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में करीब 200 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। थाना कुठला द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, इंदिरा नगर में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया।

थाना बहोरीबंद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र शर्मा द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय, बहोरीबंद में 400 से अधिक विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। थाना बाकल द्वारा विद्यातन स्कूल, बाकल में लगभग 70 छात्रों को जागरूक किया गया एवं शासकीय व निजी वाहनों पर बैनर लगाए गए।कटनी रेस्तरांसबसे अच्छे ऑनलाइन कोर्स चौकी बिलहरी द्वारा हाई स्कूल, बिलहरी में स्कूली बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

चौकी झिंझरी द्वारा रघुवंश हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूक कर शपथ दिलाई गई। थाना उमरिया पान द्वारा पुष्कर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। चौकी बस स्टैंड (थाना कोतवाली) द्वारा शासकीय उ.मा. विद्यालय, खरखरी में विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशा मुक्त समाज के प्रति जागरूक किया गया। थाना रंगनाथनगर द्वारा शासकीय विद्यालय, कावस जी वार्ड में 30 विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम समझाकर उन्हें संकल्प दिलाया गया। थाना एनकेजे द्वारा शासकीय विद्यालय में 40 विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम समझाकर उन्हें संकल्प दिलाया गया।

थाना बरही पुलिस द्वारा आर.सी. हायर सेकेंडरी स्कूल बरही में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

### नशा मुक्त जीवन की दिलाई शपथ

थाना स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा कस्तूरबा गांधी छात्रावास में विधायक बहोरीबंद प्रणय पांडे की गरिमामयी उपस्थिति में छात्राओं को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया एवं उन्हें नशा मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई।

# जलभराव की शिकायतों का हुआ शीघ्र निराकरण

हरिभूमि न्यूज कटनी

अतिवर्षा के दौरान जलप्लावन की समस्या हेतु चिन्हित नाले नालियों के जाम एवं सिल्ट आदि की सफाई कराकर जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा नाले -नालियों की सफाई कराकर वर्षा जल निकासी के प्रयास निरंतर जारी है। इसके अलावा दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो, सार्वजनिक मार्गो सहित बरगवां ओव्हर ब्रिज की सफाई की जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।

### यहां की गई सफाई

इसी क्रम में बुधवार को मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित श्री हास्पिटल के सामनें स्थित स्थित चेंबर की स्वच्छता दूतों तथा बडे नाले की शिल्ट की जे.सी.बी मशीन के माध्यम से सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। सुगम जल निकासी को दृष्टिगत रखते हुए रघुनाथ गंज वार्ड स्थित खोवा गली की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई के साथ ही लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित वल्लभ नगर, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित तिलक कालेज के पीछे,जेसीबी मशीन से नाले की सफाई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड मुख्य मार्ग व जगमोहन दास वार्ड सिद्ध बाबा कॉलोनी मे सार्वजनिक नालियों से होनें वाली वर्षा जल की निकासी के दौरान पन्नी एवं अन्य अवरोध उत्पन्न होनें पर नालियों के जाम की सफाई कराई जाकर वर्षा जल निकासी का कार्य किया गया।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चढा कर मारने की कोशिश करने के आरोपी की जमानत खारिज

जैतहरी। लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि मामला वेंकटनग चौकी थाना जैतहरी क्षेत्रान्तर्गत का है, जहाँ छोटेलाल पनिका के घर पर उसकी लड़की बारात छत्तीसगढ. के सालबहरा से आई थी और बारात में काफी लोग थे, इसी बारात में पुष्पेन्द्र सिंह पटाखे फोड़ रहा था, इसी दरमियान पटाखे की चिंगारी पास में खडी इनोवा गाडी मे पडने से गाडी मालिक पहले तो लोगों से झूमा-झटकी किया और इसके बाद गाडी में वापस बैठकर लोगों को धक्का देते हुए रिवर्स गियर में डाला और इसके बाद वापस आगे की तरफ खडे लोगों पर अंधाधुंध तरीके से बढ़ाकर, लोगों को मारने की कोशिश करने लगा। इस प्रकार उसने दुर्गेश, मनोहर, विकास, पुष्पेन्द्र, उमेद सिंह को जान से मारने की नीयत से गाडी चढा दी, जिससे उक्त सभी लोगों को काफी चोटें आई। उक्त लोगों में से विकास की हालत काफी गम्भीर बताई गई है और वह अभी भी उपचाररत है। घटना की रिपोर्ट छत्रपाल द्वारा किये जाने पर 10.06.25 को थाना जैतहरी में भारतीय न्याय संहित 2023 की धारा 109 (1) के तहत अपराध क्रमांक 252/2025 पंजीबद्ध किया जाकर मामले को विवेचना में लिया और आरोपी बरकत अली निवासी छत्तीसगढ़ को हिरासत में लिया गया। मामले में आरोपी बरकत अली की ओर से माननीय सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के न्यायालय में जमानत पर छोड़े जाने हेतु याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश, माननीय माया विश्वलाल ने सुनवाई की और शासन की और पैरवी कर रहे लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस को देखते हुए साथ मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

### जिले के वन क्षेत्र में फिर पहुंचे चार हाथी, वन विभाग कर रहा निगरानी



अनूपपु। कई दिनों तक अनूपपुर जिले की सीमा से डिंडोरी, उमरिया एवं शहडोल जिले में विचरण कर रहे चार हाथियों का समूह गुरुवार की सुबह फिर से एक बार अनूपपुर जिले के अहिरगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत पूर्व एवं पश्चिम कठौतियां बीट के जंगल में पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे हैं यह हाथी बुधवार के दिन एवं रात को वन परिक्षेत्र बुढार के हरदी इलाके में विचरण कर रहा था हाथियों के एक बार फिर से जिले के वन क्षेत्र में प्रवेश करने पर वन विभाग के द्वारा निगरानी करते हुए आसपास के ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की सलाह दी है। विदित है कि चार हाथियों का समूह 14 जून को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के इलाके में प्रवेश कर जैतहरी, अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ राजेंद्रग्राम के इलाके में निरंतर विचरण करता हुआ 2 जुलाई को डिंडौरी जिले में प्रवेश कर एक सप्ताह तक विचरण कर फिर से अनूपपुर जिले के अहिरगवा वन परिक्षेत्र में दो दिन ठहरने बाद उमरिया जिले के घुनघुटी इलाके में चला गया रहा चारों हाथी 13 जुलाई को शहडोल जिले के वन तथा राजस्व क्षेत्र में विचरण करता हुआ बुधवार को वन परिक्षेत्र बुढार के हरदी के क्षेत्र में विचरण कर रात के समय ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर एवं खेत, बाड़ियों में लगे विभिन्न प्रकार की अनाजों को अपना आहार बनाते हुए गुरुवार की सुबह अनूपपुर वन मंडल के अहिरगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत पूर्व एवं पश्चिम कठौतिया के जंगल में कूर बाबा नामक स्थल पर पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे हैं। यह क्षेत्र का जंगल अनूपपुर वन मंडल में है जबकि राजस्व का क्षेत्र शहडोल जिले में आता है एक बार फिर से हाथियों के प्रवेश कर जाने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अहिरगवां अजेंद्र सिंह वनविभाग के कर्मचारियों के साथ हाथियों के ठहराव एवं विचरण क्षेत्र पर निगरानी रखते हुए आसपास के ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की अपील करते हुए वन क्षेत्र से लगे ऐसे व्यक्तियों को जो बीच गांव बस्ती से अलग खेत एवं अन्य स्थानों पर कच्चे मकान बनाकर रह रहे हैं को शाम का समय होते ही जान, माल की रक्षा हेतु बीच गांव बस्ती में जाकर पक्के मकानो मे रहने की बात कही है हाथियों का दल गुरुवार की रात किस ओर विचरण करेगा या रात होने पर ही स्पष्ट तौर पर पता चल सकेगा।

# 'बस के अंदर छाता' लगाकर अपने आपको बारिश से बचाने नौनिहाल छात्रों की मजबूरी

**निःशुल्क बस परिवहन सेवा की पोल खोलता महामाया ट्रेवल्स**

**12 साल पुरानी खटारा बसें छात्रों को लेकर 'रेंग' रही सड़कों पर**

**बिगड़ी हालत मे कहीं भी हो जा रही खड़ी, समय से गंतव्य तक नहीं पहुँच पाते छात्र**

**मामला शासकीय मॉडल सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ का**





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शासकीय मॉडल सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ में अध्यनरत विद्यार्थियों के विद्यालय आवागमन की सुविधा की दृष्टि से निःशुल्क बस परिवहन सेवा का शुभारंभ तो नेताओ ने हरी झंडी दिखाकर निःशुल्क परिवहन की सौगात देकर सरकार की उपलब्धि बताकर वाहवाही तो लूट लिये परंतु उक्त विद्यालय में संलग्न बसों की खस्ता हालत पर किसी की नजर नहीं पड़ी।

### निःशुल्क बस सेवा की खुल रही पोल

महामाया ट्रेवल्स शहडोल के द्वारा पक्षीराज बस सर्विस का नाम लिखी बसें जो निःशुल्क बस परिवहन सेवा का संचालन पुरानी घिसी पिटी बसों को डेंटिंग पेंटिंग कराकर संचालित कराया जा रहा है जिसकी छत जगह जगह से टपक रही है उन्ही बसों में नौनिहाल बच्चे छाता लगाकर विद्यालय जाने को मजबूर है। शासकीय मॉडल सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ में लगी 08 बसे पक्षीराज ट्रेवल्स के नाम संचालित है जो वर्ष 2013-14 की पुरानी वा खस्ता हालत की होने के कारण कभी भी कही भी आये दिन बिगड़ी हालात में खड़ी हो जाती है जिससे अध्यनरत दूर दराज के ग्रामीण छात्र छात्राएं समय से अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच पाते। जिससे निःशुल्क बस सेवा की दुर्दशा पर सवाल खड़े हो रहे है, सवाल और सरकार की पोल खोल रही है।

### आरटीआई में गोपनीयता भंग बताकर नही दी जानकारी

स्थानीय पत्रकारों द्वारा आरटीआई के माध्यम से संस्था में लगे वाहनों के अनुबंध सम्बन्धी दस्तावेज चाही गई तो बस संचालक द्वारा संस्था को लिखित जबाव दिया कि उक्त संबंध में सभी दस्तावेज मेरे व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित है। तथा सूचना अधिकार अधिनियम-2005 की धारा 8 (घ) में स्पष्ट वर्णित है कि "सूचना, जिसमें वाणिज्यिक विश्वास, व्यापार गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सम्मिलित है, जिसके प्रकटन से किसी पर व्यक्ति की प्रतियोगी स्थिति को नुकसान होता है, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता है कि ऐसी सूचना के प्रकटन से विस्तृत लोक हित का समर्थन होता है।

### इनका कहना है


विद्यालय से 8 बसों का संचालन हो रहा है, परन्तु हमारे पास बसों का अनुबंध या वाहनों से संबंधित कोई भी दस्तावेज नही है। पुरानी बसों को लेकर हमने भी कई बार बस आपरेटर को बोल चुके है।

**आरपी सिंह, प्राचार्य**
**शा. मॉडल सांदीपनी विद्यालय पुष्पराजगढ़**

इसकी जानकारी मुझे नही है। मैं बस संचालक से दस्तावेज और अनुबंध की कापी बुलवाकर दिखवा लेता हूं।

**सुरेन्द्र सिंह गौतम**
**परिवहन अधिकारी अनूपपुर**

### कलेक्टर हर्षल के प्रयास से फिर हर्षित हुआ जिला



अनूपपुर। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के वृद्धि के प्रयास लगातार कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर निरंतर किए जा रहे हैं इसी अनुक्रम में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुष्पराजगढ़ में ब्लड स्टोरेज यूनिट का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिससे अब गर्भवती महिलाओं, सीवियर एनीमिया से ग्रसित महिला, पुरुष एवं बच्चों, सिकल सेल से ग्रसित व्यक्तियों, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को खून की उपलब्धता तुरंत हो सकेगी तथा जिला चिकित्सालय अनूपपुर नही जाना पड़ेगा। इसी तरह जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुनगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करपा में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा प्रारंभ हो गई है। जिससे रोगग्रस्त व्यक्तियों के छाती, हाथ, पैर, सिर, पेट एवं रीढ़ का एक्स-रे हो सकेगा इसके लिए मरीजों को जिला चिकित्सालय नही जाना पड़ेगा। डिजिटल एक्स-रे का संचालन प्रारंभ होने से अब एमएलसी कराने एवं टीबी के मरीज का चिन्हांकन करने में सहायता मिलेगी। उक्ताशय की जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने संबंधित क्षेत्र तथा आसपास के लोगों से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

**12 घंटे के अन्दर बिजुरी पुलिस की गिरफ्त में आये लूट एवं हत्या के प्रयास के आरोपी**

# लूट के मोटर सायकिल से तीन आरोपियों ने लूटे मोबाइल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

16 जुलाई को अमन गुप्ता पिता रज्जन गुप्ता उम्र 21 वर्ष निवासी केवई बैरियर पथरौडी थाना कोतमा का रिपोर्ट लेख कराया की 16 जुलाई को सुबह करीब 06.30 बजे सीटी100 मोटर साइकल से तीन अज्ञात लडके कोतमा तरफ से आये और मेरे भाई के पास मोटरसाइकल रोककर भाई अरुण का मोबाइल छीन कर मनेन्द्रगढ तरफ तीनो मोटरसाइकल से भाग दिये तो मैं, मेरा भाई अरुण गुप्ता और मेरे बडे पिता का लड़का किशन गुप्ता अपनी मोटरसाइकल से तीनो लड़को का पीछा किये तो मुसर्रफ क्रेशर के सामने छोट बेलिया केशरवानी ऐजेन्सी के पास तीनो लड़को को पकडने का प्रयास किये तब उनमे से एक लडका कमर से चाकू निकाला और किसन गुप्ता पर हमला कर उस पर ताबडतोड चाकू से वार किया । जिससे किसन गुप्ता जमीन पर गिर गया फरियादी रिपोर्ट पर तीनो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ अपराध धारा 109(1),118(1),3(5)BNS का कायम कर अनुसंधान मे लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड मे आये आरोपी

घटना की सूचना शपुलिस अधीक्षक अनूपपुर को दी गई जिन्होने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में विशेष टीम गठीत करने को आदेशित किया। तत्काल मुख्य राजमार्ग नेशनल हाईवे 43 मनेन्द्रगढ राजनगर तरफ जाने वाले रास्तो पर नाकेबंदी लगाई गई तथा बिजुरी पुलिस टीम द्वारा डोला के पास से संदिग्ध मोटर सायकल सवालो को पुलिस अभिरक्षा में घेराबंदी कर पकडा गया नाम पता पूछने पर संदेहियों ने अपना नाम पता कृष्णा गुप्ता पिता संगमलाल गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी गरौला मोहल्ला शहडोल, संदीप यादव पिता नरेश यादव उम्र 22 वर्ष निवासी एफसीआई गोदाम के पास शहडोल एवं एक अन्य नाबालिग होना बताया।



### लूट की बताई सच्चाई

हिकमत अमली से पूछताछ पर उपरोक्त संदेहियों नें अरुण गुप्ता से लुटे गए मोबाईल फोन को बरामद कराया तथा किशन गुप्ता पर जिस चाकू से जान लेवा हमला किया गया था उसे बरामद कराया। उक्त घटना से संबंधित मशरुका के अतिरिक्त आरोपीगणो के कब्जे से 05 नग एंड्रायड मोबाईल फोन और 01 नग सीटी100 मोटर सायकल बरामद हुई। जिसके संबंध में पूछताछ पर आरोपियों नें यह तथ्य बताया कि 01 नग मोबाईल फोन 16 जुलाई को सुबह करीब 5.30 बजे पसला के पास से तथा 01 नग मोबाईल फोन बदरा के पास से 16 जुलाई को ही लूटा गया। इसी प्रकार बरामद मोटर सायकल के संबंध में यह जानकारी दी गई कि 15-16 जुलाई की दरमियानी रात थाना सिंहपुर से उपरोक्त मोटरसायकल को लूट गया है। अन्य बरामद मोबाईल फोन के आधिपत्य के संबंध में भी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। अतः आरोपियो से उपरोक्त वस्तुएं जप्त की गई और प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर 17 जुलाई को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### इनकी रही उल्लेखनीय भूमिका

उल्लेखनीय है कि आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली शहडोल में पूर्व से भी 10 से ज्यादा मारपीट, लूट एवं हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध है। तीनो आरोपियों के कब्जे से 2 नग बटन वाला चाकू, एक नग सीटी 100 मोटर सायकल, 6 नग मोबाईल फोन बरामद हुए जिनकी कीमत लगभग 150000 रुपये है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरी विपुल शुक्ला, सउनि प्रभाकर पटेल, उदय प्रजापति, प्रदीप अग्निहोत्री, प्र.आर. ईश्वर यादव, आर. रामनिवास गुर्जर, लक्ष्मण डांगी, अभिषेक शर्मा, विश्वजीत मिश्रा, राकेश चौहान, चालक आर. कर्मजीत सिंह की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपियों को अभिरक्षा मे लेते समय सउनि उदय प्रजापित एवं प्रायवेट चालक विकास यादव ने उल्लेखनीय साहस का परिचय दिया जिससे आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी संभव हो पायी है।

**38वीं तीन-दिवसीय क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता आयोजित**

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

माँ नर्मदा के पावन उद्गम स्थल पर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 38वीं तीन-दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ 17 जुलाई को हर्षोल्लास के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य आशीष शुक्ल की अध्यक्षता व मार्गदर्शन तथा जिला क्रीड़ा अधिकारियों के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे मुख्य अतिथि प्राचार्य, जिला क्रीड़ा अधिकारीगण, मार्गदर्शकगण तथा शिक्षकगणों ने संपन्न किया। इस अवसर पर संगीत शिक्षक शेख वाहिद के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा अनूपपुर से आये विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैज लगाकर अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने खिलाड़ियों को न सिर्फ प्रतिस्पर्धा के उद्देश्य से, बल्कि खेल को जीवन का अनिवार्य अंग मानकर सदैव खेलते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि यह मानसिक व सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन प्राचार्य महोदय द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में कुल पाँच क्लस्टरों से कुल 326 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 160 बालक एवं 166 बालिकाएँ सम्मिलित रहीं।

### उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

अंडर-17 बालिका वर्ग (3000 मीटर दौड़) में प्रथम स्थानः अदिति साहू (बिलासपुर क्लस्टर), द्वितीय स्थानः असीमी ककोडिया (भोपाल क्लस्टर) तथा तृतीय स्थानः अवनी तिवारी (उज्जैन क्लस्टर) ने हासिल किया। आयोजन की सफलता में शारीरिक शिक्षक कमलेश देवकटे एवं मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर अनेक गणमान्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डी.एस. सेंगर, महेश्वर द्विवेदी, आर.के. झा, वाहिद शेख, आशीष कुमार, विनोद कुमार चौहान, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीमती जयश्री पेन्डरे, रमेश कुमार, सचिन जाटव, अतुल सिंह चौहान, सदानंद तिवारी, श्रीमती मुक्ता शरीन, श्रीमती मनोरमा कौशल, श्रीमती सीमा मिश्रा, सुश्री अंबिका राय, सुश्री भाग्यश्री साहू, सुश्री वैष्णवी श्रीवास्तव, श्रीमती जसप्रीत भाटिया, एन.के. साहू, भानु प्रताप तथा स्थानीय पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय 'मुन्नू' एवं धनंजय तिवारी सम्मिलित रहे। वरिष्ठ शिक्षक डी.एस. सेंगर ने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन का उत्तरदायित्व आर.के. झा, सचिन जाटव एवं सुश्री अंबिका राय ने सफलता पूर्वक निभाया।



# विश्व न्याय दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं श्रीमती माया विश्वलाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार 17 जुलाई को "विश्व न्याय दिवस" के अवसर पर संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विनोद कुमार वर्मा न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर, बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, आयुष सोनी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल, नवोद चपरा संस्थापक संस्कार विधि महाविद्यालय, डॉ0 संजीव पाण्डेय प्राचार्य संस्कार विधि महाविद्यालय, अन्य प्रध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं नितेश केशरवानी उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा ने "विश्व न्याय दिवस" के विषय में बताया कि विश्व न्याय दिवस प्रत्येक वर्ष 17 जुलाई को मनाया जाता है क्योंकि 17 जुलाई, 1998 में रोम संविधि अपनाने की वर्षगांठ है। इस संधि की सहायता से ही अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय (ICC) की स्थापना हुई थी। ICC विश्व का पहला स्थायी अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय है, जो नरसंहार, मानवता के विरूद्ध अपराध, युद्ध अपराध और आक्रामकता जैसे गंभीर और संगीन अपराधों के आरोपित लोगों की जांच और उन पर मुकदमा चलाती है। जो अंतिम उपाय का न्यायालय है। इसी क्रम में ब्रजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के विरूद्ध वैश्विक स्तर पर न्याय सुनिश्चित करना, युद्ध पीड़ितों, विस्थापितों और अत्याचार सहने वालों को न्याय दिलाना, मानवाधिकारों की रक्षा और विधिक संस्थानों की भूमिका को सुदृढ़ करना तथा दोषियों की जवाबदेही तय कर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है। जागरूकता कार्यक्रम का संचालन आयुष सोनी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल द्वारा किया गया।

### राजनगर बाजार में छोटे नोटों की किल्लत, बैंको ने भी हाथ खड़े किए

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत बाजार में 10 और 20 के नोटो की किल्लत हो गई है। बाजार में जिस दुकान पर जाइए, वहां केवल 100, 200, 500, के नोट ही दिखाई दे रहे हैं। ग्राहक तथा दुकानदार को सामान खरीदने और बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में देखा जाए तो वैसे तो चार सेंट्रल बैंक की शाखाएं प्रमुख रूप से राजनगर, न्यू राजनगर, न्यू झीमर कालरी (पौराधार) रामनगर कालरी (सी सेक्टर कालोनी) में स्थित है। सूत्रों के अनुसार इन सभी बैंकों में कैशियर द्वारा बताया गया कि छोटे नोट 10 और 20 के पुराने नोट अभी नहीं आ रहे हैं, ऊपर से सप्लाई बंद है। जिस कारण क्षेत्र में छोटे नोटों की किल्लत है। परंतु शाखा प्रबंधको द्वारा इस विषय को संज्ञान में नहीं लिया है, कि हमारे बैंक में छोटे नोट नहीं है। बैंक में उपभोक्ताओं को भुगतान के समय अधिकांश 500 के नोट में ही भुगतान किया जा रहा है। जिस कारण बाजार में सभी दुकानदारों के पास 500 के ही नोट दिखाई दे रहे हैं। जिसके कारण दुकानदार और ग्राहकों के बीच में फुटकर पैसा को लेकर नोक झोक होते रहती है।